हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 10 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 15.2 डिग्री

11 केवल हार से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते ...



12 गर्मी की शुरुआत में ही लग रहे झटके



ईरान युद्ध के कारण सरकार ने पहले ही 60 रुपये दाम बढ़ा दिए

# शहर में कमर्शियल गैस की भारी किल्लत, सुबह से शाम तक एजेंसियों को फोन करते रहे लोग, होटल, ढाबों, मेस पर काम प्रभावित

» अचानक बढ़ी मांग के कारण दिक्कतें, व्यापारियों ने जल्द गैस आपूर्ति सामान्य करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर में इन दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। सोमवार को पूरे दिन होटल, ढाबा और अन्य कमर्शियल प्रतिष्ठानों से जुड़े लोग गैस एजेंसियों के चक्कर लगाते रहे और फोन कर सिलेंडर उपलब्धता की जानकारी लेते रहे, लेकिन अधिकांश जगहों पर उन्हें निराशा ही हाथ लगी। स्थिति यह रही कि कई लोगों ने अधिक कीमत देने की पेशकश भी की, फिर भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पाए। जानकारी के अनुसार, गैस कंपनियों द्वारा स्थानीय एजेंसियों को कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई कम कर दी गई है। इसके चलते शहर की अधिकांश गैस एजेंसियों ने उपभोक्ताओं को फिलहाल कमर्शियल गैस उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई है। एजेंसी संचालकों का कहना है कि कंपनियों से ही सिलेंडरों की सप्लाई नहीं आ रही, इसलिए वे चाहकर भी उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं।




### फिलहाल कमर्शियल गैस की सप्लाई नहीं आ रही : एजेंसियां

इस समस्या का सबसे अधिक असर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, मिठाई की दुकानों और अन्य कमर्शियल गतिविधियों पर पड़ रहा है। कई प्रतिष्ठान संचालकों का कहना है कि यदि जल्द ही गैस की सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो उन्हें कामकाज में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कुछ छोटे होटल संचालकों ने बताया कि उनके पास गैस का सीमित स्टॉक बचा हुआ है, जो एक-दो दिन में खत्म हो सकता है। ऐसे में कारोबार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। सोमवार को सुबह से ही शहर की कई गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं के फोन लगातार बजते रहे। लोग सिलेंडर उपलब्धता के बारे में पूछताछ करते रहे, लेकिन एजेंसियों की ओर से यही जवाब दिया गया कि फिलहाल कमर्शियल गैस की सप्लाई नहीं आ रही है। इससे हजारों उपभोक्ता प्रभावित हुए हैं।

### सिलेंडरों की नई खेप पहुंचते ही गैस उपलब्ध करा दी जाएगी

गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार कंपनियों की ओर से जल्द ही सप्लाई बहाल किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। जैसे ही सिलेंडरों की नई खेप पहुंचेगी, उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाएगी। यदि आने वाले दिनों में कमर्शियल गैस की सप्लाई सामान्य नहीं हुई तो होटल और अन्य व्यवसायिक गतिविधियों पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है। शहर के व्यापारियों और होटल संचालकों ने प्रशासन और गैस कंपनियों से जल्द से जल्द गैस की सप्लाई सुचारु करने की मांग की है, ताकि कारोबार प्रभावित न हो और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, अभी समस्या के समाधान की उम्मीद नहीं दिख रही है।

### घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग अब 25 दिन में होगी

वहीं, घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए फिलहाल राहत की बात यह है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई सामान्य बनी हुई है। हालांकि घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए अब पहले की तुलना में अधिक इंतजार करना पड़ रहा है। नए नियमों के तहत घरेलू गैस की बुकिंग लगभग 25 दिन के अंतराल के बाद ही संभव हो रही है। हालांकि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी गैस किल्लत की बात से इंकार कर रहे हैं। उनका दावा है कि अभी 15 दिनों तक हालात सामान्य रहेंगे। इसके बाद समीक्षा की जाएगा।

## शहर में आज

- ⏭ बिजली निगम में 11 से 1 बजे तक खुलादरबार।
- ⏭ मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- ⏭ आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर
- ⏭ बिजली निगम में कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक

**बिजली कट**

- ⏭ सुबह 9.30 से 1.30 बजे तक

छोटू राम नगर, हनुमान कॉलोनी, सुखपुरा चौक, राजेंद्र नगर, प्रवेश नगर, सूर्य नगर, गोहाना रोड

## खबर संक्षेप

### एमडीयू में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा डीपीजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गुरुग्राम के सहयोग से-विविधता प्रबंधन, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों का प्रबंधन विषय पर सात दिवसीय शॉर्ट टर्म प्रोग्राम (फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम) प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से शिक्षण व गैर-शिक्षण वर्ग के कुल 178 प्रतिभागी जुड़े हैं।

### युवकों ने दुकानदार पर किया हमला

**सांपला।** कस्बे में सोमवार दोपहर को युवकों ने एक दुकानदार पर लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया। घायल दुकानदार को सिविल अस्पताल रोहतक में भर्ती कराया गया है। पुलिस कार्रवाई कर रही है। घटना को लेकर व्यापारियों में रोष है। यशपाल की मस्जिद के पास जुतों की दुकान है। सोमवार की दोपहर को आधा दर्जन युवक लाठी डंडों से लेंस होकर तीन बाइकों पर दुकान पर पहुंचे। दुकानदार पर हमला कर दिया। दुकान खाली करने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने बताया कि शनिवार को भी धमकी देकर गए थे। परिवार डरा हुआ है।

### निंदाना में आंगनबाड़ी केंद्र से सोलर बैटरी चोरी

**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव निंदाना में आंगनबाड़ी से सोलर बैटरी चोरी हो गई। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस संबंध में आंगनबाड़ी वर्कर्स ने पुलिस को शिकायत दी है। आंगबाड़ी वर्कर ओमपती पत्नी दलबीर सिंह ने बताया कि वह पिछले 15-20 से निंदाना में आंगनबाड़ी वर्कर्स के पद पर कार्यरत है। रविवार को साढ़े तीन बजे वह आंगनबाड़ी केंद्र को बंद करके रोहतक चली गई। अगले दिन सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर सेंटर में पहुंची तो सेंटर की पीछे वाली खिड़की टूटी मिली और सेंटर में रखी एक सोलर बैटरी चोरी हुई मिली।

### बुलेट चुराने का आरोपी पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस ने पीजीआई थाना क्षेत्र में हुई बुलेट बाइक चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वंश पुत्र नीटू निवासी गांव गांधरा, रोहतक के रुप में हुई है। बेरी निवासी अमित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। शिकायत में बताया गया कि 4 मार्च को अमित ने अपनी बुलेट बाइक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के बॉयज हॉस्टल के पास खड़ी की थी। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक वहां से गायब मिली।

## अच्छी पहल : अब केवल दोपहिया वाहनों को मिलेगी शहर में पार्किंग

5,000 दोपहिया वाहनों के लिए बनेगी पार्किंग

# शहर के सात प्रमुख बाजारों में चार पहिया वाहनों की नो इंट्री


» पुराने बस अड्डे के पास स्थित गर्वनमेंट स्कूल के मैदान में खड़े किए जाएंगे चार पहिया वाहन

» लोगों के लिए बाजारों में आना-जाना होगा आसान, जाम से मिलेगी मुक्ति, आराम से कर सकेंगे खरीदारी

» बाजारों में केवल दोपहिया वाहनों को मिलेगी पार्किंग, जल्द लागू होगा नया प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के प्रमुख बाजारों में बढ़ती भीड़ और पार्किंग की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने नई पार्किंग व्यवस्था लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस योजना के तहत शहर के सात प्रमुख बाजारों में चार पहिया वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई जाएगी, जबकि दुपहिया वाहनों के लिए अलग से पार्किंग व्यवस्था की जाएगी। प्रशासन का मानना है कि इस कदम से बाजारों में लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और खरीदारी करने आने वाले लोगों को भी सुविधा मिल सकेगी। इससे बाजारों के आसपास पांच हजार से ज्यादा दुपहिया वाहनों के लिए पार्किंग मिलेगी। प्रशासन की योजना के अनुसार, किला रोड, चमेली मार्केट, गोहाना अड्डा, प्रताप चौक, मालगोदाम रोड, रेलवे रोड और शौरी मार्केट जैसे व्यस्त बाजारों में चार पहिया वाहनों की नो एंट्री रहेगी। इन क्षेत्रों में आने वाले चार पहिया वाहनों को शहर के पुराना बस अड्डा के पास स्थित गवर्नमेंट स्कूल के मैदान में बनाई जा रही पार्किंग में खड़ा करना होगा। वहीं इन बाजारों में केवल दुपहिया वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।






रोहतक। भिवानी स्टैंड पर बनाई गई मल्टीस्टोरी पार्किंग एवं पुराना बस अड्डा के पास गर्वमेंट स्कूल में बनाई गई पार्किंग।

### लोगों को नहीं पड़ेगा भटकना

दुपहिया वाहनों के लिए भी बाजारों के आसपास अलग-अलग स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। प्रशासन का दावा है कि करीब पांच हजार दुपहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था तैयार की जाएगी, जिससे लोगों को अपने वाहन खड़े करने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। अधिकारियों का कहना है कि इस नई पार्किंग योजना का मुख्य उद्देश्य शहर के व्यस्त बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाना है।

### रोज14 से 15 हजार लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं बाजारों में

अधिकारियों के अनुसार, इन बाजारों में रोजाना 14 से 15 हजार लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। अनुमान है कि प्रतिदिन इन क्षेत्रों में दस हजार से अधिक दुपहिया वाहन और करीब एक हजार से अधिक चार पहिया वाहन आते हैं। सड़कों की चौड़ाई सीमित होने और पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह न होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार तो आपातकालीन सेवाओं के वाहनों को भी निकलने में परेशानी होती है। नई व्यवस्था लागू होने से इस समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

### जमीन समतल कर तीन सौ से अधिक वाहनों को खड़ा किया जा सकेगा

प्रशासन ने पुराना बस अड्डा के पास स्थित गवर्नमेंट स्कूल के मैदान को चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित किया है। यहां पर जमीन को समतल कर व्यवस्थित तरीके से पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही पार्किंग स्थल पर वाहनों को धूप और बारिश से बचाने के लिए शेड भी लगाए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि इस पार्किंग स्थल पर लगभग तीन सौ से अधिक चार पहिया वाहनों को एक साथ खड़ा किया जा सकेगा। इससे वर्षों पुरानी समस्या से निजात मिलने की संभावना है। निगम कई बार प्लान बना चुका है लेकिन सफलता नहीं मिल पाई है।

### सड़क किनारे वाहन खड़े करने से रास्ता हो जाता है संकरा

बाजारों में अक्सर सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण रास्ता संकरा हो जाता है, जिससे पैदल चलने वालों और दुकानदारों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद बाजारों में आवागमन सुगम होगा और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि इस योजना को जल्द ही लागू किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बाजारों के व्यापारियों और स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की गई है ताकि नई व्यवस्था को सफलतापूर्वक लागू किया जा सके।

## बराणी से बच्चे के अपहरण का मामला

# एक और आरोपी काबू 1.12 करोड़ रुपये बरामद

- पांच करोड़ रुपये की फिरौती लेकर बच्चे को छोड़ा था, आरोपी जीजा-साला पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

झज्जर जिले के गांव बराणी गांव से 9 वर्षीय बालक का अपहरण कर पांच करोड़ रुपये की फिरौती लेने के मामले में एसटीएफ बहादुरगढ़ ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर उसके बंद मकान से फिरौती की रकम में से 1 करोड़ 12 लाख 90 हजार 500 रुपये बरामद किए गए हैं। एसटीएफ बहादुरगढ़ प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोविंद निवासी कंसाला के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में वारदात के षड्यंत्र में उसकी भूमिका सामने आई है। गत चार मार्च को होली खेलते समय झज्जर जिले के गांव बराणी से 9 वर्षीय बालक हुनरजीत का स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। आरोपियों ने बच्चे के परिजनों से पांच करोड़ रुपये की फिरौती वसूलने के बाद उसे रोहतक में छोड़ दिया था। एसटीएफ पहले ही अंतरराष्ट्रीय पैरा जूडो खिलाड़ी मोनू निवासी कंसाला और उसके साले मनीष निवासी बराणी को गिरफ्तार कर चुकी है।




## जलघर के वाटर टैंक में नहाने से किया था मना

# युवकों ने जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी का सिर फोड़ा

- मोबाइल छीनकर जलघर के वाटर टैंक में फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

गांव गिरावड़ में जलघर के वाटर टैंक में नहा रहे युवकों को रोकने पर जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारी के साथ मारपीट की गई जिससे सिर पर चोट आईं। युवकों ने कर्मचारी का मोबाइल फोन छीनकर वाटर टैंक में फेंक दिया गया। इस संबंध में पीड़ित कर्मचारी ने उच्च अधिकारियों को शिकायत दी है। लाखन माजरा थाना में दी शिकायत में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग महम के कनिष्ठ अभियंता संदीप ने बताया कि गिरावड़ गांव के जलघर में कार्यरत बिजेंद्र पुत्र बारूराम ने उनके कार्यालय में शिकायत दी है। जलघर के वाटर टैंक में कुछ लड़के नहा रहे थे। जब उसने उनको रोका तो उन्होंने उसके साथ काफी मारपीट की। जिससे उसके सिर पर चोट आईं और गोली मारने की धमकी दी। उसका मोबाइल फोन छीनकर वाटर टैंक में फेंक दिया। फोन के कवर में 7000 रुपए भी थे। इसी जलघर में कार्यरत सोनू पुत्र सत्यवान ने जब बिजेंद्र के साथ मारपीट होते हुए देखा तो उसने उन लड़कों को रोकने की कोशिश की। उन लड़कों ने उसके साथ गाली गलौच किया, गोली मारने और देख लेने की धमकी दी। आरोपियों की पहचान गिरावड़ गांव निवासी अमन पुत्र रविंद्र, विकास पुत्र रमेश और सचिन पुत्र रमेश के रूप में हुई है। घायल कर्मचारी बिजेंद्र को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जेई संदीप ने मारपीट व जान से मारने की धमकी के तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### जवाहर लाल नेहरू कैनाल में मिला अज्ञात महिला का शव

**रोहतक।** जिले में जवाहर लाल नेहरू कैनाल से एक अज्ञात महिला का शव मिलने का मामला सामने आया है। राहगीरों की सूचना पर शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए डेड हाउस में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार शाम करीब 6 बजे मायना हेड के पास नहर में एक महिला का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने जब नहर में शव देखा तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच में महिला की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के बीच आंकी गई है। पुलिस का अनुमान है कि महिला का शव नहर के बहाव के साथ पीछे की ओर से बहकर यहां तक पहुंचा है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### किशनगढ़ गांव में 6 के साथ मारपीट दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव किशनगढ़ में एक व्यक्ति के साथ, उसके दो बेटों और एक दोहती के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में महम पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में किशनगढ़ गांव निवासी राजबाला पत्नी जयवीर ने बताया कि गत दिवस पति जयवीर घर के बाहर बैठा हुआ था। उसकी समय गुरमीत निवासी किशनगढ उसके घर के सामने से जा रहा था। तभी उसने जयवीर के साथ गाली गलौच किया और थप्पड़ व लात घुसों के साथ मारपीट शुरू कर दी। शिकायतकर्ता राजबाला का कहना है कि इन सभी ने उसके सामने ही उसके पति जयवीर, उसके बेटे राकेश, राहुल व सोनू को गहरी चोटें मारी और उसकी दोहती प्राची के कपड़े फाड़ दिए और उसके साथ अश्लील हरकत की। इस संबंध में पुलिस ने गुरमीत, राजकुमार, चंद्रमुखी, अन्नु, मोनू, राजपति, मनीष, दिनेश, पूजा और महक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### ब्लैक फिल्म लगी कार पर पुलिस की कार्रवाई, 10.5 हजार रुपये का चालान

**रोहतक।** आर्य नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने ब्लैक फिल्म लगी कार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 हजार 500 रुपये का चालान किया। पुलिस ने गाड़ी के शीशों से ब्लैक फिल्म मौके पर ही उतरवाई और वाहन चालक को यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी दी। जानकारी के अनुसार आर्य नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिविल रोड पर एक कार बीच सड़क पर खड़ी थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम की नजर जब इस वाहन पर पड़ी तो पाया कि कार के शीशों पर ब्लैक फिल्म लगी हुई है। इसके अलावा गाड़ी गलत तरीके से सड़क के बीच में खड़ी थी, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन को रोका और जांच की।



## शिक्षा की गुणवत्ता और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निदेशालय ने लिया महत्वपूर्ण निर्णय

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सुधार की तैयारी

# अब हर माह के अंतिम शनिवार को होगी एसएमसी की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा निदेशालय ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब स्कूलों में उपलब्ध शिक्षण सामग्री, डिजिटल बोर्ड और बुनियादी ढांचे की निगरानी के लिए स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की भूमिका को और अधिक सक्रिय किया जाएगा। निदेशालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार महीने के हर अंतिम शनिवार को विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में एजेंडे तय करके चर्चा की जाएगी। हर बैठक में पिछली बैठक की कार्रवाई और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। प्रत्येक बैठक के दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई, अधिगम स्तर और परीक्षा परिणामों पर विशेष चर्चा होगी।



### कार्यवाही रजिस्टर में होगी दर्ज

एसएमसी की बैठक में स्कूल में उपलब्ध शिक्षण सामग्री, डिजिटल बोर्ड, कंप्यूटर लैब, खेल सामग्री और आईसीटी लैब की समीक्षा की जाएगी। शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने के लिए के लिए प्रशिक्षण की आवश्कता पर विचार किया जाएगा। साथ ही स्कूल की मासिक आय-व्यय का पूरा ब्यौरा भी रखा जाएग और सभी निर्णयों को कार्यवाही रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। शिक्षा निदेशालय ने इसे गंभीरता से लागू करने के लिए सभी स्कूल मुखियाओं को आदेश जारी किए है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्कूल के संचालन में पारदर्शिता लाना और अभिभावकों व समुदाय की भागीदारी को बढ़ाना है।

### स्कूल मुखिया ही इस बैठक के सचिव होंगे

स्कूल मुखिया ही इस बैठक के सचिव होंगे। वे बैठक बुलाने से लेकर उसकी रिपोर्ट तैयार करने और बैठक के निर्णयों को लागू करने के लिए उत्तरदायी होंगे। बैठक के दौरान लिए गए फैसलों को एक आधिकारिक कार्यवाही रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा, जिसे भविष्य में जिला और खंड स्तर के अधिकारी निरीक्षण के दौरान चेक कर सकेंगे। इस बैठक में केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि स्कूल परिसर की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था पर भी पैनी नजर रखी जाएगी। बैठक में स्कूल भवन के रखरखाव, अग्निशमन उपकरण, पेयजल की सुविधा और मिड-डे मील की गुणवत्ता व स्वच्छता पर चर्चा की जाएगी। विद्यार्थियों की उपस्थिति और सीखने के स्तर को सुधारने के लिए अलग से रणनीति तैयार की जाएगी।

### एमडीयू ने सितंबर-दिसंबर 2025 में हुई परीक्षाओं के परिणाम किए घोषित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने सितंबर-दिसंबर 2025 में आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि घोषित परिणामों में सितंबर-दिसंबर 2025 में आयोजित बीबीए के प्रथम सेमेस्टर (री-अपीयर) तथा तृतीय और पंचम सेमेस्टर (फुल व री-अपीयर), बीबीए (बीई), बीबीए (सीएएम) और बीबीए (आईआई) के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर (री-अपीयर) तथा पंचम सेमेस्टर (फुल व री-अपीयर) के परिणाम शामिल हैं। इसके अलावा बीएचएमसीटी के प्रथम, तृतीय, पंचम और सप्तम सेमेस्टर (फुल व री-अपीयर) के परिणाम शामिल हैं। एमकॉम (ऑनर्स) सातवें सेमेस्टर (फुल व री-अपीयर) तथा एमकॉम (ऑनर्स) पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स के नौवें सेमेस्टर (फुल व री-अपीयर) के परिणाम भी जारी किए हैं। चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम के अंतर्गत बीए-बीएड के दूसरे और चौथे सेमेस्टर तथा बीकॉम-बीएड के दूसरे सेमेस्टर के परिणाम जारी किए गए हैं। वहीं विज्ञान संकाय के अंतर्गत एमएससी के कई विषयों के चौथे सेमेस्टर (री-अपीयर) के परिणाम शामिल हैं।

# वेदों में संपूर्ण सृष्टि का विज्ञान : आचार्य अग्निव्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिले के गांव टिटौली स्थित स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम में आयोजित 19वें चतुर्वेद पारायण महायज्ञ के अवसर पर आज राजस्थान के भीनमाल स्थित वैदिक एंड मॉडर्न फिजिक्स रिसर्च सेंटर के निदेशक आचार्य अग्निव्रत मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश तथा अन्य संन्यासियों ने उन्हें ओम पट्टिका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

अपने प्रवचन में आचार्य अग्निव्रत ने कहा कि वेदों में संपूर्ण सृष्टि का विज्ञान समाहित है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान भी आज उन सिद्धांतों को स्वीकार कर रहा है, जिनका उल्लेख वेदों में हजारों वर्ष पूर्व किया गया है। उन्होंने युवाओं से वैदिक ज्ञान को अपनाकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का आह्वान किया। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि वेद ही ईश्वर का दिया हुआ शुद्ध एवं सार्वभौमिक ज्ञान है। उन्होंने कहा कि वेदों के अध्ययन से समाज में नैतिकता, सदाचार और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने की मीटिंग




**रोहतक।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला रोहतक की सचिव मंडल की बैठक मानसरोवर पार्क में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने की। मंच संचालन सचिव ओमप्रकाश कादियान ने किया। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में 400 प्रतिनिधि 100 आब्जर्वर ने शिरकत की और आगामी तीन वर्षो के लिए सांगठनिक कमेटी का गठन किया गया। जिसके सुरेन्द्र चौधरी (बिहार) अध्यक्ष, वजीर सिंह महासचिव (हरियाणा) चुने गए। जगपाल सांगवान ने बताया कि निवनिर्वाचित राष्ट्रीय पदाद्यिकारियों ने बैठक करके निर्णय किया कि 8वें वेतन आयोग की सिफारिशों के संदर्भ में शीध्र ही केन्द्रीय वित मंत्री को प्रतिनिधिमंडल मिलेगा तथा सकारात्मक जवाब, भरोसा ना मिलने पर उसी दिन देशव्यापी आन्दोलन का आगाज कर दिया जाएगा। मीटिंग में उपस्थित साथियों में राज्य उप प्रधान सूरजकोर अहलावत, कैशियर रणबीर दहिया, उपाध्यक्ष मास्टर सुनहरा, खेमचन्द, रमेश गिल, रमेश शर्मा, बलबीर जांगड़ा, प्रेम घिलोड़िया, महेन्द्र दुल, धर्मपाल हुड्डा आदि मौजूद रहे।

# जल निकासी के लिए 70 करोड़ से दबाई जाएगी पाइपलाइन: वाल्मीकि

## सेक्टर-1, 2, 3 व 4 की परियोजना को सरकार की स्वीकृति

**पानी को व्यवस्थित तरीके से निकासी स्थल तक पहुंचाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



स्वच्छता व जनस्वास्थ्य की स्थिति में भी सुधार आएगा

नगर निगम क्षेत्र में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर निगम के महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के सेक्टर-1, 2, 3 और 4 में वर्षा जल निकासी के लिए पाइपलाइन बिछाने की परियोजना को सरकार से प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इस परियोजना पर लगभग 7017.22 लाख रुपये की लागत आएगी। महापौर ने बताया कि इन सेक्टरों में हर साल बरसात के दौरान जलभराव की समस्या सामने आती रही है। सड़कों, गलियों और बाजारों में पानी जमा होने के कारण स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि लोगों का आवागमन भी प्रभावित होता है। इसी समस्या को देखते हुए नगर निगम ने विस्तृत योजना तैयार कर सरकार के समक्ष प्रस्ताव भेजा था, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत आधुनिक तकनीक के अनुरूप ड्रेनेज पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके माध्यम से बरसात के दौरान सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर जमा होने वाले पानी को व्यवस्थित तरीके से निकासी स्थल तक पहुंचाया जाएगा। इससे न केवल जलभराव की समस्या कम होगी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता और जनस्वास्थ्य की स्थिति में भी सुधार आएगा। महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने बताया कि परियोजना के लागू होने से एचएसवीपी के सेक्टर-1, 2, 3 और 4 में जल निकासी व्यवस्था पहले से अधिक सुदृढ़ होगी। तकनीकी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परियोजना से जुड़ी सभी तकनीकी औपचारिकताओं को जल्द पूरा किया जाए, ताकि कार्य शीघ्र शुरू हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए,महापौर ने कहा कि नगर निगम रोहतक शहर के समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

### नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी

शहर में जल निकासी, सफाई व्यवस्था, सड़कों के निर्माण और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। महापौर ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्रशासनिक स्वीकृति देने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से रोहतक में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। परियोजना के पूरा होने के बाद सेक्टर-1, 2, 3 और 4 सहित आसपास के क्षेत्रों में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी और नागरिकों को बेहतर जल निकासी सुविधा मिल सकेगी।




## प्रतिबंधित दवाओं को लेकर नियमित रूप से की जाए छापेमारी:डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले मेडिकल स्टोर पर निरंतर रेड की जाए। जिला में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गत दिनों जींद बाईपास पर औषधि नियंत्रण विभाग की रेड के दौरान एक मेडिकल स्टोर से प्रतिबंधित दवाएं प्राप्त हुई थी, जिसे विभाग द्वारा मौके पर सील कर दिया गया। डीसी गुप्ता सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ एन-कोर्ड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डीसी ने बताया कि जिला में इसके तहत 44 संपत्ति कुर्की प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी को भेजे गए, जिनमें से 43 प्रस्ताव स्वीकृत हो चुके हैं। इसके तहत लगभग 6 करोड़ 76 लाख 98 हजार 204 रुपये मूल्य की संपत्ति फ्रीज की जा चुकी है तथा एक प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है। वर्ष 2026 के दौरान धारा 68-एफ के तहत 5 प्रस्ताव भेजे गए, जिनमें से 4 को स्वीकृति मिली है और करीब 24 लाख 80 हजार 180 रुपये मूल्य की संपत्ति फ्रीज की गई है।

## खबर संक्षेप

### डीटीपी विभाग ने बिना नोटिस गिराई चार दिवारी



**रोहतक।** डीटीपी विभाग द्वारा खरावड़ के पास स्थित जमीन की बाउंड्री वाल गिराने का मामला सामने आया है। जमीन मालिक ने मामले में उपायुक्त सचिन गुप्ता को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि विभाग ने बिना किसी नोटिस के यह तोड़फोड़ की है। उपायुक्त ने मामले में कार्रवाई करते हुए एडीसी के नेतृत्व में रेवन्यु ऑफिसर सहित एटीपी नगर निगम की कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। शिकायत में बताया है कि 6 मार्च 2026 को डीटीपी रोहतक के कुछ अधिकारियों ने बिना कोई पहले से नोटिस, ऑर्डर या जानकारी दिए और हमें सुनवाई का कोई मौका दिए बिना, हमारी जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल को गिरा दिया।

### विधि विभाग के आशीष बने बैंक में लीगल मैनेजर



**रोहतक।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (एमडीयू) के विधि विभाग के पूर्व छात्र आशीष का चयन रीजनल रूरल बैंक में लीगल मैनेजर के पद पर हुआ है। उनका चयन आईबीपीएस द्वारा आयोजित अत्यंत प्रतिस्पर्धी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से हुआ है। विधि विभाग की अध्यक्ष प्रो. सोनू ने बताया की आशीष की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और विधि विषय में गहरी समझ का परिणाम है। आईबीपीएस जैसी प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करना उनके दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयासों का प्रमाण है।

### बेसहारा पशुओं को नहीं पकड़ रही एजेंसी, लोग परेशान

**सांपला।** बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशालाओं में आश्रय देने के लिए नगर पालिका की ओर से अभी तक दो बार टेंडर प्रक्रिया अपनाई जा चुकी है लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अब फिर टेंडर लगाया जाएगा। नगर पालिका की ओर से लावारिस पशुओं को पकड़ने के लिए पहली बार लगाए गए टेंडर में एक ने कुछ पशु पकड़े जबकि सैंकड़ों रह गए थे। फिर टेंडर आमंत्रित किया गया। दूसरी बार एक एजेंसी आगे आई। यह पशुओं को नहीं पकड़ रही है। इसको रद्द करने की तैयारी है। अब तीसरी बार टेंडर जारी किया जाएगा। कस्बे में सैंकड़ों आवारा पशु घूम रहे हैं। ये पशु सड़क के बीचों बीच बैठते हैं। नंदी आपस में लड़ते रहते हैं। जिससे आम राहगीर व दुकानदार परेशान हो गए हैं। बताया जा रहा है कि कुछ पशु पालक जैसे ही गाय दूध देना बंद कर देती है । या बछड़ा दूध पीना बंद कर देता है तो उसका आवारा छोड़ देते हैं। इसके अलावा प्रवासी पशु चरवाहे सांड व बिहार गायों को छोड़ जाते हैं।

# हरिभूमि सहेली



दांपत्य का रिश्ता बहुत प्यारा,अनूठा होता है। अगर कोई पुरुष अपनी जीवनसंगिनी में केवल पत्नी को ही देखेगा या स्त्री अपने जीवनसाथी में केवल पति को देखेगी तो रिश्ते में एकरसता आएगी ही। ऐसा न हो, दांपत्य सदैव मधुर और रिश्ता हमेशा प्रगाढ़ बना रहे, इसके लिए जरूरी है कि दोनों आवश्यकतानुसार एक-दूसरे को कभी मां-पिता, कभी फ्रेंड, कभी सहयोगी तो कभी प्रेमी-प्रेमिका होने का एहसास करवाते रहें।

## जीवन साथी में उभरती हैं मां-पिता-मित्र-प्रेमी की छवियां

कवर स्टोरी
**मेघा राठी**

दांपत्य कोई एकरंगी रिश्ता नहीं होता। यह समय, परिस्थिति और भावनात्मक जरूरतों के साथ अपना रूप बदलता रहता है। कभी इसमें मां-पिता जैसा प्रेम-स्नेह उतर आता है, कभी मित्रता की सहजता तो कभी प्रेमी, प्रेमिका जैसा रुमानी आकर्षण। यही अनेक रूप या लचीलापन दांपत्य रिश्ते को जीवित रखता है। पति-पत्नी का रिश्ता जब केवल एक ही रूप में जकड़ जाता है, तब वह बोझिल हो जाता है।

**पति-पत्नी के बीच रिश्तों के हों विविध रंग:** अनुज और काव्या को देखें। उनकी शादी को बारह वर्ष हो चुके हैं। शुरुआती वर्षों में इनका रिश्ता प्रेम-उत्साह से भरा था, लंबी बातचीत, अचानक बाहर घूमने के प्लान, छोटे-छोटे सरप्राइज। समय के साथ उनकी जिम्मेदारियां बढ़ीं। बच्चे, नौकरी, परिवार, सब कुछ जीवन में आ गया। कभी-कभी अनुज ऑफिस से थककर घर लौटता तो बिना कुछ कहे सोफे पर बैठ जाता, काव्या समझ जाती, बात क्या है। कुछ कहे बिना वह उसके लिए कॉफी बनाकर, उसके पास बैठकर, उसका हाथ थाम लेती या सिर सहला देती। उस पल अनुज को काव्या में अपनी मां की छवि नजर आती, उसे बेहद सुकून महसूस होता। ऐसा भी नहीं कि सिर्फ काव्या ही अनुज का ध्यान रखती थी। कई बार काव्या दिनभर के कामों से थककर चूर हो जाती, तब अनुज रसोई में उसके साथ हाथ बंटाता, बच्चों को पढ़ा देता या घर के दूसरे और काम निपटा देता। प्यार से काव्या के गाल थपथपा कर कहता, 'सब कुछ अकेले मत करो।' उस समय काव्या को अपने पापा याद आ जाते। उसे अनुज के दिए यह अहसास बहुत संबल देते। इसी तरह किसी दिन अनुज-काव्या मित्र बन जाते, खुलकर दोस्तों की तरह बातें करते, हंसते। जब किसी दिन घर में बच्चे ना होते तो दोनों बालकनी में बैठकर चाय पीते, पुराने गीत सुनते, तब वे प्रेमी-प्रेमिका होते, पुरानी यादों के साथ एक दूसरे के साथ छेड़छाड़ करते, रोमांटिक हो जाते। अनुज और काव्या इस बात को जानते थे कि उनका रिश्ता इसलिए गहरा और मजबूत है, क्योंकि उन्होंने अपने रिश्तों को किसी एक ही रूप में रखने की कोशिश नहीं की, उनके रिश्तों में विविध रंग हैं।



### पत्नी के स्नेह भाव और ममता से मित्रता तक

पत्नी का स्नेह भाव केवल देखभाल तक सीमित नहीं होता। वह कभी मां सी ममता देती है तो कभी मित्र बनकर पति की बातें सुनती है बिना जज किए, तो कभी प्रेमिका की तरह उसमें आत्मविश्वास जगाती है। यह स्नेह भाव मां के स्नेह का विकल्प नहीं है, उसका परिपक्व रूप है। यहां समझ, संवाद और सीमाएं भी साथ चलती हैं। पत्नी का स्नेह तभी सुंदर रहता है, जब वह अपने अस्तित्व और भावनाओं को खोए बिना दिया जाए।

**दंपती तलाशते हैं एक-दूसरे में अपने मां-पिता की छवि:** हमारा पहला भावनात्मक जुड़ाव अपने मां-पिता से होता है। मां से हमें सुरक्षा, पोषण और बिना शर्त स्वीकार्यता मिलती है, जबकि पिता से दिशा, भरोसा और स्थिरता का अनुभव। यही अनुभव हमारे अवचेतन में गहरे बैठ जाते हैं। जब व्यक्ति वयस्क जीवन में प्रवेश करता है, अपना जीवनसाथी चुनता है तो अनजाने में वह उन्हीं परिचित भावनात्मक अनुभवों को फिर से महसूस करना चाहता है। इसलिए कई बार पति अपनी पत्नी में मां की छवि खोजता है, जो उसे थाम ले, समझे और सुरक्षित महसूस कराए। वहीं पत्नी अपने पति में पिता समान स्थिरता, संरक्षण और भरोसे की अनुभूति ढूंढ़ती है। यह तलाश स्वाभाविक है, क्योंकि मन अपने पुराने सुरक्षित अनुभवों की ओर लौटना चाहता है। समस्या तब होती है, जब यह तलाश हमेशा के लिए एक अपेक्षा बन जाए। पति हर समय पत्नी से मां जैसी ममता की चाहत करे या पत्नी, पति से हर क्षण पिता जैसा संरक्षण चाहे तो दांपत्य जीवन में एक दबाव आ जाएगा। इसलिए एक संतुलन जरूरी है, इससे दांपत्य रिश्ता कभी बोझिल नहीं लगेगा।

**पति का स्नेह देता है सुरक्षा, भरोसा और सम्मान भाव:** दांपत्य में स्नेह केवल पाने का नाम नहीं। पति भी पत्नी के लिए पिता समान सुरक्षा, मित्र समान भरोसा और प्रेमी-समान अपनेपन के भाव देता है। जब वह पत्नी के निर्णयों का सम्मान करता है, उसकी भावनाओं को हल्के में नहीं लेता, उसके सपनों में सहभागी बनता है, ऐसे में उसका स्नेह गहरा और अर्थपूर्ण हो जाता है। पति का स्नेह तब और गहरा, मजबूत हो जाता है, जब वह केवल जिम्मेदारियों तक सीमित न रहे, भावनात्मक रूप से भी उपस्थित रहे। अपनी पत्नी को संबल प्रदान करे।



**प्रेमी-प्रेमिका जैसा व्यवहार है दांपत्य की प्राणवायु:** देखा यही जाता है कि लंबे वैवाहिक जीवन में सबसे पहले जो खोता जाता है, वह है प्रेमी-प्रेमिका वाला व्यवहार। जबकि सच यह है, यही तत्व दांपत्य को जीवंत बनाए रखता है। एक-दूसरे की तारीफ करना, साथ समय बिताना, हल्की छेड़छाड़, स्पर्श की भाषा और भावनात्मक निकटता, ये सब रिश्ते में ऊर्जा भरते हैं।

जब पति-पत्नी यह मान लेते हैं कि अब प्रेम बनाए रखने के लिए किसी तरह के प्रयास करने की आवश्यकता नहीं है, प्रेम तो हमेशा ऐसा ही रहेगा, तब धीरे-धीरे प्रेम घटने लगता है, दूरी बनने लगती है। प्रेम को भी समय, प्रयास और सजगता चाहिए।

**अनजाने में उभरी छवियां ही रिश्ते को बनाती हैं मजबूत:** जब पति-पत्नी अनजाने में एक-दूसरे के लिए मां या पिता जैसी भूमिका निभाते रहते हैं, तब रिश्ता भीतर से मजबूत हो जाता है। क्योंकि यह भूमिका मांगी हुई नहीं होती, परिस्थिति से सहज भाव से उपजी होती है। ऐसे क्षणों में अहं नहीं होता, केवल संवेदनशीलता होती है। लेकिन यही छवियां अगर जान-बूझकर खोजी जाएं, जुमले बोले जाएं, 'तुम मेरी मां की तरह क्यों नहीं हो' या 'तुम मेरे पिता जैसे क्यों नहीं हो' तो रिश्ते में तुलना, शिकायत और असंतोष को जन्म देती है, क्योंकि जीवनसाथी माता-पिता का स्थान नहीं ले सकता। इसलिए स्वस्थ दांपत्य में ये छवियां सहज रूप से आती-जाती हैं, इनका आना-जाना ही ज्यादा दांपत्य रिश्ते को खूबसूरत बनाता है।

**जरूरी है भूमिकाओं का संतुलन:** दांपत्य की सबसे बड़ी खूबसूरती उसकी बहुरूपता है। कभी पति-पत्नी मित्र होते हैं, कभी माता-पिता, कभी प्रेमी-प्रेमिका और कभी केवल सहयात्री। यदि इन भूमिकाओं को लचीलेपन के साथ अपनाया जाए तो रिश्ते कभी बोझ नहीं बनते। एक ही भूमिका की अपेक्षा रखना रिश्ते को सीमित कर देता है। स्नेह तब परिपक्व हो जाता है, जब उसमें बराबरी, संवाद और साझा जिम्मेदारी हो। पति-पत्नी आनंद से तब साथ रह पाते हैं, जब वे एक-दूसरे की परवाह को कर्तव्य नहीं, प्रेम समझते हैं। कभी एक आगे बढ़कर थाम लेता है, कभी दूसरा। कभी प्रेमी बनकर रोमांच रचते हैं, कभी मित्र बनकर हंसते हैं तो कभी माता-पिता जैसी कोमलता में एक-दूसरे को संबल देते हैं। दांपत्य का मनोविज्ञान यही सिखाता है कि ऐसा संतुलन ही इसे प्रगाढ़ और मधुर बनाता है।

## घर में भी रहें सजी-संवरी

अधिकतर होममेकर्स घर में रफ-टफ ढंग से रहती हैं। उन्हें मेकओवर करना गैरजरूरी लगता है, जबकि घर में सज-संवर कर रहने से न केवल कॉन्फिडेंस बढ़ता है, आप हैप्पी-एनर्जेटिक भी फील करती हैं।

सेल्फ केयर
**चैतन्या**



हमारे घरों में होममेकर महिलाओं का रुटीन आमतौर पर नीरस सा होता है। यह केवल जिम्मेदारियों की भागदौड़ के चलते ही नहीं होता। स्वयं की अनदेखी भी इसके पीछे एक बड़ा कारण है। घर तक सिमटकर रहने वाली महिलाएं अपनी संभाल-देखभाल करना ही भूल जाती हैं। सोचने वाली बात है कि तैयार होकर रहने के लिए घर से बाहर जाने की शर्त ही क्यों हो? घर के काम-काज करते हुए भी खुद को सजा-संवरा रखा जा सकता है। इसके कई फायदे हैं।

**आत्मविश्वास की सौगात:** सेल्फ केयर से आत्मविश्वास बढ़ता है। इसलिए गृहणियां भी अच्छी दिनचर्या बनाकर अपनी केयर के लिए कुछ समय जरूर निकालें। काम-काजी महिलाएं ऑफिस के लिए तैयार होकर निकलती हैं। पर प्रायः होममेकर्स, सुबह से शाम तक खुद को ठीक से आईने में भी नहीं देखतीं। धीरे-धीरे यह रुटीन पूरे व्यक्तित्व को ही नीरस बना देता है। ऐसे में जरूरी है कि घर के कोने-कोने का मेकओवर करने वाली स्त्रियां खुद को न भूलें। सेल्फ केयर को भी तवज्जो दें। सहज ढंग से घर में भी तैयार होकर रहें। बालों को संवारकर रखें। ये सभी बातें आपका आत्मविश्वास तो बढ़ाएंगी ही मानसिक सुकून भी देंगी।



**फील करेंगी एक्टिव-एनर्जेटिक:** घर की चारदीवारी के भीतर का मोनोटोनस रुटीन, गृहणियों को थके मन और बिखरे से जीवन की ओर ले जाता है। ऐसे में गृहणियों को यह समय रहते समझना होगा कि यह दिनचर्या कोई एक-दो दिन या कुछ महीनों की बात नहीं होती। जब जीवन ही घर-आंगन में बीतना है तो क्यों ना खुद की देखभाल भी रोजमर्रा के रुटीन का हिस्सा हो! अपनी पसंद के मुताबिक सज-संवरकर रहा जाए। अच्छे से तैयार होकर रहना मानसिक रूप से भी ताजगी देता है। अपने ही व्यक्तित्व के प्रति पॉजिटिव फीलिंग बढ़ती है। इसीलिए घरेलू कामों में भी अपनी ड्रेसिंग सेंस पर ध्यान जरूर दें। नियमित अच्छी ड्रेसेस पहनने से आप खुद को एक्टिव भी रख सकेंगी।

**बच्चों के व्यक्तित्व पर असर:** होममेकर मांओं के लाइफस्टाइल का असर बच्चों के व्यक्तित्व पर भी पड़ता है। आपकी सेल्फ केयर से बच्चे भी ऐसा करना सीखते हैं। खुद का ख्याल रखने वाले बच्चे आत्मविश्वासी बनते हैं। अपनी साज-संवार का ध्यान रखते हैं। निष्क्रिय बनने के बजाय एक्टिव और अलर्ट व्यक्तित्व के धनी बनते हैं। इसीलिए बच्चों की बेहतरी के लिए भी खुद को सभालें।

## खबर संक्षेप

### समाधान शिविर में सुनी लोगों की शिकायतें

**रोहतक।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं नगराधीश अंकित कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह, पुलिस उपाधीक्षक गुलाब सिंह, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने सुनी। इस मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन समस्याओं के तुरंत निपटारे के निर्देश दिए गए। इधर सांपला उपमंडल में उपमंडलाधीश उत्सव आनंद की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इसमें चार शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को इन समस्याओं के निपटारे के निर्देश दिए।

### फौजी भाईचारा संगठन का सेना की ओर से सम्मान

**रोहतक।** देश सेवा के साथ-साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर फौजी भाईचारा ग्रुप को भारतीय सेना के मेजर जनरल ललित कपूर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेजर जनरल ललित कपूर ने ग्रुप के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संगठन समाज में सेवा, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। साथ ही यह संगठन देशभर में भारतीय सेना के सम्मान और गौरव को भी बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि फौजी भाईचारा ग्रुप युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने, अनुशासन का संस्कार देने और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है, जो समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। फौजी भाईचारा ग्रुप के सदस्य सचिन फौजी, इंस्पेक्टर धर्मेंद्र, दीपक फौजी, मोनू फौजी, जितेंद्र गुरुजी, सोनू दलाल, सतीश हुड्डा, वेदप्रकाश, युद्धवीर कोच आदि थे।

### पहरावर जमीन केस में सरकारी गवाह की मौत, सुनवाई टली

**रोहतक।** जिले के गांव पहरावर में गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के लिए 16 एकड़ जमीन मामले में दर्ज केस में सोमवार को सुनवाई होनी थी। प्रशासन की तरफ से सरकारी गवाह की गवाही होनी थी, लेकिन कोर्ट में पता चला कि गवाह की मौत हो गई है। उसका डेथ सर्टिफिकेट जमा करवाया गया, जिसके बाद अगली सुनवाई अब मई में रखी गई है।

---

एमडीयू में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पेंचक सिलाट (पुरुष) चैंपियनशिप का शुभारंभ

# केवल हार से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं खेल : प्रो. सोमनाथ

*सफलता को दिमाग और असफलता को दिल पर हावी न होने देने की सीख दी*

**खास बातें**

- प्रतियोगिता में देशभर की 51 यूनिवर्सिटीज के लगभग 350 खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा
- खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस, संतुलित आहार और खेल के नियमों का पालन करने पर विशेष ध्यान देने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (एमडीयू) के खेल परिसर स्थित डॉ. मंगल सेन मल्टीपर्पज जिम्नेजियम हॉल में सोमवार को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पेंचक सिलाट (पुरुष) चैम्पियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन एमडीयू कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने कहा कि खेल भावना के साथ ईमानदारी और अनुशासन से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को सफलता को दिमाग पर हावी न होने देने और असफलता को दिल पर हावी न होने देने की सीख दी। उन्होंने कहा कि खेल केवल जीतने का माध्यम नहीं बल्कि हार से सीख लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने की। इस प्रतियोगिता में देशभर की 51 यूनिवर्सिटीज के लगभग 350 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। डॉ. कृष्णकांत ने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे खेल भावना, अनुशासन और आपसी सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए प्रतियोगिता में भाग लें। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस, संतुलित आहार और खेल के नियमों का पालन करने पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगी और देश में खेल संस्कृति को और मजबूत बनाएगी। कुलपति ने टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर को अपना स्मृति चिह्न देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के प्रारंभ में एमडीयू खेल परिषद की अध्यक्ष डॉ. राजवंती शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने प्रतियोगिता की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालय की खेल उपलब्धियों की जानकारी दी। ताइक्वांडो कोच अशोक कुमार ने मंच संचालन किया, जबकि प्रतियोगिता के आयोजन सचिव एवं सहायक निदेशक खेल डॉ. तेजपाल ने आभार व्यक्त किया।



**रोहतक।** खिलाड़ियों से परिचय करते मुख्यातिथि एमडीयू कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत।

**कुलपति प्रो. सोमनाथ ने अनूठी मिसाल पेश की**

कुलपति प्रो. सोमनाथ ने अपनी सादगी और खेल प्रेम से सबका दिल जीत लिया। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पेंचक सिलाट (पुरुष) चैम्पियनशिप के शुभारंभ पर उन्होंने एक अनूठी मिसाल पेश की। चैम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह के दौरान एमडीयू के खेल विभाग की ओर से सम्मान के तौर पर कुलपति को एक विशेष स्पोर्ट्स किट भेंट की गई थी। कुलपति ने खेल विभाग के अधिकारियों से कहा मैं इस भेंट को स्वीकार करता हूँ, लेकिन मेरी इच्छा है कि मेरी तरफ से यह किट इस पूरी प्रतियोगिता के बेस्ट खिलाड़ी को पुरस्कार के रूप में दी जाए।

## ड्रॉइंग और कैलीग्राफी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई रचनात्मकता




**रोहतक।** सनसिटी हाइट्स स्थित ईबी स्मार्ट स्टार्ट ब्लू (आईबी जूनियर ब्रांच) में बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ड्रॉइंग एवं कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला और कल्पनाशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। ड्रॉइंग प्रतियोगिता में 3-5 वर्ष, 6-8 वर्ष और 9-10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई थीं, ताकि हर आयु वर्ग के बच्चे अपनी क्षमता के अनुसार भाग ले सकें। बच्चों ने रंगों के माध्यम से प्रकृति, जानवरों, पर्यावरण और अपनी कल्पनाओं से जुड़ी कई सुंदर चित्रकारी प्रस्तुत की। वहीं, कैलीग्राफी प्रतियोगिता में 4-5 वर्ष, 6-8 वर्ष और 9-10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लेकर सुंदर लेखन कला का प्रदर्शन किया। छोटे-छोटे बच्चों ने साफ-सुथरे और आकर्षक अक्षरों में लिखकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों के उत्साह और उनकी रचनात्मकता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी कला और रचनात्मकता को मंच प्रदान करना था, ताकि उनकी प्रतिभा को निखारा जा सके। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने रंगों और सुंदर लेखन के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को जीवंत रूप दिया, जिसे उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही सभी बच्चों की भागीदारी की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं। भविष्य में भी बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए इसी प्रकार की प्रतियोगिताएं और गतिविधियां आयोजित की जाती रहेंगी।

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में निखिल ने जीता सोना

**रोहतक।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निखिल ने 80 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा 70 किलोग्राम में प्रियांशु और 50 किलोग्राम में सागर ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ियों ने खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। यह प्रतियोगिता 2 से 8 मार्च तक कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई। तीनों खिलाड़ी जिले के आर्यन्स बॉक्सिंग स्पोर्ट्स क्लब में कोच संजीव के पास अभ्यास करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी तीनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके जिले का नाम रोशन किया है। निखिल ने बताया कि फाइनल मुकाबले में एमडीयू के आर्यन मलिक को हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेमीफाइनल मुकाबले में सीबीएलयूएस के बॉक्सर नीरज कुमार को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। उन्होंने बताया कि 2020 में खेलना शुरू किया था।




---

सीनियर महिला इंटर जोनल वनडे ट्रॉफी

## एमडीयू की प्रज्ञा ने 77 रन बनाए नॉर्थ जोन 35 रन से मैच जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सीनियर महिला इंटर जोनल वनडे ट्रॉफी में नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन को 35 रन से हराया। इसमें नॉर्थ जोन की ओर खेलते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। एमडीयू की प्रज्ञा रावत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 77 रन बनाए। वहीं, रुबिया ने सैयद ने 41 रन बनाए और शानदार फिल्डिंग करते हुए एक कैच और एक रन आउट किया। इसके अलावा सुमन गुलिया ने एक विकेट लिया। मुकाबला बेंगलुरु में खेला गया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नॉर्थ जोन की शुरूआत शानदार रही। प्रज्ञा रावत ने प्रिया पुनिया के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 138 रन जोड़े। प्रज्ञा ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते मैदाना के चारों ओर शॉट लगाए। इसके बाद रुबिया सैयद ने ताबड़तोड बल्लेबाजी की। इनकी शानदार बल्लेबाजी की बदौलत नॉर्थ जोन ने 50 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 293 बनाए। नॉर्थ जोन की ओर से प्रज्ञा ने 10 चौकों की मदद से 77 रन बनाए। रुबिया सैयद ने 31 गेंदों पर तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। इसके जवाब में ईस्ट जोन की शुरूआत अच्छी रही। पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। साउथ जोन की टीम 47.2 ओवर में 258 रन पर ऑलआउट हो गई और नॉर्थ जोन ने 35 रन से मैच जीता। ईस्ट जोन की ओर से टी सरकार ने 66 रन बनाए। नॉर्थ जोन की ओर से नजमा ने तीन, तरूणिका ने चार और सुमन ने एक विकेट लिया।



प्रज्ञा रावत।

---

हरियाणा ग्रामीण बैंक में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

## योग खिलाड़ी काफी ने आत्मविश्वास दृढ़ता और समर्पण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा ग्रामीण बैंक में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बैंक के विभिन्न कार्यालयों और शाखाओं में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा वैश्विक थीम के अनुरूप विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। बैंक के प्रधान कार्यालय, रोहतक में आयोजित विशेष कार्यक्रम में 20 वर्षीय प्रतिभाशाली योग खिलाड़ी काफी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने उत्कृष्ट योग कौशल का प्रदर्शन करते हुए कई उन्नत योगासन प्रस्तुत किए। उनके प्रदर्शन ने उपस्थित सभी लोगों को अनुशासन, आत्मविश्वास, दृढ़ता और समर्पण का प्रेरणादायक संदेश दिया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष सुमन्त कुमार ने महिला कर्मचारियों को विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



उन्होंने कहा कि हरियाणा ग्रामीण बैंक की मातृशक्ति पहले से ही बैंक के व्यवसाय की प्रगति और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है और उनकी सक्रिय भागीदारी से बैंक निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है।

**भूमिका अहम**

उन्होंने कहा कि भारत के "विकसित भारत 2047" के संकल्प को साकार करने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब महिलाएं आत्मविश्वास, ज्ञान और आध्यात्मिक शक्ति के साथ आगे बढ़ती हैं, तो वे केवल परिवार और समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। महिला दिवस के उपलक्ष्य में बैंक द्वारा महिला ग्राहकों के लिए विशेष ऋण योजनाओं को प्रोत्साहित करने हेतु एक विशेष अभियान भी चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत महिला ग्राहकों को 23.38 करोड़ के ऋण वितरित किए गए, जिससे महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की बैंक की प्रतिबद्धता को और बल मिला।

---

## 'बाल विवाह मुक्ति रथ' पहियों पर बदलाव का संदेश

रोहतक। जिले में भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर जिले के गांवों व कस्बों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे 'बाल विवाह मुक्ति रथ' की यात्रा का समापन महिला दिवस पर हो गया। समापन बलियाना गांव में 'महिला उत्सव' से हुआ। इसके अलावा महिला आश्रम रोहतक एवं सिंहपुरा खुर्द एवं सिंहपुरा कलां में आयोजन किए गए। बलियाना में यह आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रोहतक एवं एमडीडी ऑफ इण्डिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस उत्सव में 100 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। एमडीडी ऑफ इंडिया के कार्यकारी अधिकारी सुरिंदर सिंह मान ने कहा कि संस्था बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जमीन पर काम कर रहे 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फार चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। बाल विवाह के खिलाफ इस 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान और इसके तहत निकाले गए 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को परिवर्तनकारी बताते हुए कहा, "यह कोई प्रतीकात्मक यात्रा नहीं थी। यह पहियों पर बदलाव का संदेश था जिसे लोगों ने स्वीकार किया और सराहा। जिले में प्रथम चरण यानि 15 दिन के लिए बाल विवाह मुक्ति रथ को डॉ. तरन्नुम खान, सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।



**रोहतक।** कैंप कार्यालय में अधिकारियों को निर्देश देते डीसी सचिन गुप्ता।

## 2 को 6 ग्राम पंचायतें होंगी सम्मानित

रोहतक। गत दिसम्बर 2024 में शुरू किए गए सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान के तहत सिसरौली, करौथा, घुसकानी, पटवापुर, सैम्पल एवं कसरैंटी को सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत के रूप में चुना गया। इन्हें आगामी 2 अप्रैल को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एक-एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। यह अभियान ग्राम पंचायत स्तर पर आंगनवाड़ी केन्द्रों में सुदृढ़ ढांचागत सुविधाएं, सर्विस डिलीवरी तथा पंजीकृत लाभार्थियों के पोषण में वृद्धि के दृष्टिगत चलाया गया। कैंप कार्यालय में सोमवार को आयोजित मीटिंग में डीसी सचिन गुप्ता ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में चिन्हित किए गए सैम व मैम बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए पोषण आहार इत्यादि उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्र स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर महिलाओं को संतुलित आहार बारे जागरूक किया जाए ताकि सभी बच्चे स्वस्थ रहें।

## व्हाइट टाइगर डिवीजन ने उभरती खिलाड़ी राधिका का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

व्हाइट टाइगर डिवीजन, भारतीय सेना ने एक गौरवशाली कार्यक्रम में युवा खिलाड़ी राधिका को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। राधिका, नायब सूबेदार सुनील कुमार की बेटी हैं और वर्तमान में 17 वर्ष की हैं। वह इस समय अपनी 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में भी उपस्थित हो रही हैं। राधिका ने कम उम्र में ही खेल के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सफलताएँ हासिल की हैं। वर्ष 2024 में उन्होंने साउथ एशियन कुराश गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया। इसी साल मंगोलिया में आयोजित कुराश वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। अपनी लगातार मेहनत और प्रतिभा के बल पर राधिका ने 2025 में नेशनल स्कूल गेम्स में जूडो में गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद जनवरी 2026 में जूडो जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में भी उन्होंने गोल्ड मेडल जीतकर एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वर्तमान में राधिका कर्नाटक स्थित इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में प्रशिक्षण ले रही हैं।



---

कॉएनोस अस्पताल ने ऐतिहासिक हर्निया कॉन्फ्रेंस का आयोजन

## रोबोटिक तकनीक से हार्निया सर्जरी का लाइव प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दिल्ली रोड स्थित कॉएनोस अस्पताल में हर्निया सर्जरी पर एक ऐतिहासिक मेडिकल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया हरियाणा चैप्टर के सहयोग से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में पहली बार रोहतक में रोबोटिक तकनीक से हर्निया सर्जरी का लाइव प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन ने क्षेत्र में आधुनिक और हाईटेक चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में एक नई मिसाल कायम की। इस सम्मेलन में हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से आए 200 से अधिक वरिष्ठ डॉक्टर, सर्जन, मेडिकल फैकल्टी और मेडिकल छात्र शामिल हुए। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने हर्निया के इलाज की पारंपरिक ओपन सर्जरी से लेकर अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी तक की तकनीकों पर चर्चा की और लाइव सर्जरी के माध्यम से नई तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस कॉन्फ्रेंस को हरियाणा मेडिकल काउंसिल द्वारा 4 क्रेडिट आवर भी प्रदान किए गए। सम्मेलन में सर गंगा राम अस्पताल दिल्ली, मैक्स अस्पताल, आकाश अस्पताल द्वारका, मेदांता, पीजीआईएमएस रोहतक, बीपीएस खानपुर, एसजीटी और डब्ल्यूएमसी सहित देश के प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने भाग लिया। रोहतक, जींद, दादरी, भिवानी, बहादुरगढ़, हिसार और झज्जर के वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. परवीन भाटिया रहे, जबकि प्रसिद्ध सर्जन डॉ. मगन मेहरोत्रा ने अपनी रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। आयोजन सचिव डॉ. आनंद कुमार यादव और डॉ. मगन मेहरोत्रा द्वारा दो रोबोटिक हर्निया सर्जरी का लाइव टेलीकास्ट किया गया। वहीं आयोजन अध्यक्ष डॉ. राजेश गोदारा ने लाइव लेप्रोस्कोपिक फंडोप्लिकेशन सर्जरी का प्रदर्शन किया।



**बेहतर इलाज में करते हैं मदद: डॉ. भादू**

हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. विवेक भादू ने कॉएनोस अस्पताल की इस शानदार पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम डॉक्टरों को नई तकनीकों से जोड़ते हैं और मरीजों को बेहतर इलाज देने में मदद करते हैं। कॉएनोस अस्पताल के डायरेक्टर्स प्रमेंद्र दहिया और डॉ कीर्ति बेरवाल दहिया ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं बल्कि मरीजों को विश्वस्तरीय, सुरक्षित और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अत्याधुनिक रोबोटिक और लेप्रोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से मरीजों को कम दर्द, कम समय में रिकवरी और बेहतर परिणाम देने का प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल के डायरेक्टर्स प्रमेंद्र दहिया और डॉ कीर्ति बेरवाल दहिया ने कहा कि कॉएनोस अस्पताल मरीजों के प्रति सेवा, संवेदना और भरोसे के सिद्धांत पर काम करता है। अस्पताल की टीम हर मरीज को परिवार की तरह मानकर उसका इलाज करती है ताकि उसे बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक देखभाल मिल सके। वहीं, स्वर्गीय डॉ. अरविंद दहिया की प्रेरणा से स्थापित कॉएनोस अस्पताल आज क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सा तकनीकों का केंद्र बन चुका है। अस्पताल प्रबंधन ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी रोहतक और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को विश्वस्तरीय और हाईटेक इलाज उपलब्ध कराने के लिए ऐसे शैक्षणिक और चिकित्सा कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़:- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

## खबर संक्षेप



### नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया


**रोहतक।** मदवि में रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर एक सप्ताह की कार्यशाला का सोमवार को शुभारंभ हुआ। डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक ने इस कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए कहा कि शोध कार्य किसी भी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता की आधारशिला होता है। उन्होंने कहा कि रिसर्च मेथडोलॉजी की सही समझ शोधार्थियों और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने प्रतिभागियों को शोध के क्षेत्र में नवाचार और गंभीर अध्ययन की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में चौधरी रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

### स्वयंसेवकों ने जन जागरूकता रैली निकाली

**रोहतक।** जाट कॉलेज गांव गाड़ी बोहर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने योग, जोहड़ों और तालाबों के महत्व, जल संरक्षण, हरियाणवी संस्कृति जैसे विषयों पर वॉलिंटियर्स द्वारा गांव में विभिन्न विषयों पर जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। दिन की शुरुआत धर्मकौर देवी और रौशनी देवी द्वारा कराए गए योगाभ्यास से हुई, जिसमें उन्होंने योग के शारीरिक व मानसिक लाभों के बारे में बताया।

### बस स्टैंड पर रक्तदान शिविर आज

**रोहतक।** शहर के उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन के स्वर्गीय पिताजी बिमल प्रसाद जैन के जन्मदिन के अवसर पर आज नए बस स्टैंड पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस रक्तदान शिविर का आयोजन बीपी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर और मां दोनो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट सांघी की तरफ से किया जाएगा। जिसमें रक्तदान करने वाले सभी युवाओं को पानी की बोतल और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। शिविर के आयोजक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि बिमल प्रसाद जैन ने अपने जीवन में समाज के हित से जुड़े अनेकों सेवा कार्य किए।



गर्मी बढ़ने के कारण कूलर, पंखे और अन्य बिजली उपकरणों का उपयोग बढ़ा

**40** लाख यूनिट की होती है मार्च में मांग | **60** लाख यूनिट तक पहुंची खपत | **35** लाख यूनिट तक थी पिछले साल मांग

# हाय! बिजली

गर्मी की शुरुआत में ही लग रहे कट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मार्च की शुरुआत के साथ ही जिले में बिजली की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। गर्मी की दस्तक के साथ उपभोक्ताओं द्वारा कूलर, पंखे और अन्य बिजली उपकरणों के इस्तेमाल में इजाफा हुआ है। इसका असर बिजली की खपत पर साफ दिखाई दे रहा है। वहीं, देर शाम दिल्ली बाइपास फीडर पर मरम्मत कार्य के चलते बार-बार बिजली बाधित होती रही। साथ ही इस बार मार्च के पहले ही सप्ताह में बिजली की मांग पिछले साल की तुलना में करीब डेढ़ गुना तक पहुंच गई है। पिछले वर्ष मार्च महीने में अधिकतम बिजली मांग करीब 40 लाख यूनिट के आसपास थी, जबकि इस बार महज नौ दिनों में ही यह आंकड़ा 60 लाख यूनिट तक पहुंच गया है। बिजली निगम के आंकड़ों के अनुसार 9 मार्च को जिले में अधिकतम बिजली मांग 60.80 लाख यूनिट दर्ज की गई, जो इस सीजन का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। मार्च की शुरुआत में ही मांग का इतना तेजी से बढ़ना बिजली निगम के लिए चुनौती बन सकता है, क्योंकि आने वाले अप्रैल, मई और जून में तापमान और अधिक बढ़ने की संभावना रहती है। ऐसे में बिजली की खपत भी और बढ़ेगी। विशेषज्ञों के अनुसार तापमान में बढ़ोतरी के साथ घरेलू और व्यावसायिक क्षेत्रों में बिजली की खपत बढ़ जाती है। शहर में एसी, कूलर और पंखों के उपयोग से लोड बढ़ता है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल चलने से भी बिजली की मांग में उछाल आता है। इसी वजह से मार्च की शुरुआत में ही बिजली की मांग में तेजी देखने

### नौ दिनों में हर रोज ऐसे बढ़ती गई मांग

- बिजली निगम के आंकड़ों के अनुसार मार्च के पहले नौ दिनों में बिजली की मांग लगातार ऊपर-नीचे होती रही, लेकिन कुल मिलाकर इसमें तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई।
- 1 मार्च को जिले में बिजली की मांग 51.51 लाख यूनिट रही। इसके बाद 2 मार्च को 51.36 लाख यूनिट और 3 मार्च को 52.68 लाख यूनिट दर्ज की गई।
- 4 और 5 मार्च को तापमान थोड़ा कम रहने के कारण मांग में गिरावट आई और यह क्रमशः 43.04 और 40.16 लाख यूनिट तक पहुंच गई। इसके बाद मौसम साफ होने के साथ ही मांग फिर बढ़ने लगी।
- 6 मार्च को 51.52 लाख यूनिट, 7 मार्च को 56.77 लाख यूनिट और 8 मार्च को 54.85 लाख यूनिट बिजली की खपत दर्ज की गई।
- 9 मार्च को यह आंकड़ा बढ़कर 60.80 लाख यूनिट तक पहुंच गया, जो इस साल का अब तक का सबसे अधिक स्तर है।

## मई-जून में डिमांड तोड़ेगी सारे रिकॉर्ड

### निगम की चुनौती

बढ़ती मांग को देखते हुए बिजली निगम भी सतर्क हो गया है। निगम का कहना है कि ट्रांसफार्मरों की मरम्मत, लाइनों की जांच और फीडरों की क्षमता बढ़ाने जैसे कार्य किए जा रहे हैं ताकि गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ऐसे में आपूर्ति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रबंध किए जा रहे हैं। जरूरत पड़ने पर मोबाइल ट्रांसफार्मर और अतिरिक्त लोड प्रबंधन की व्यवस्था भी की जाएगी।



ट्रांसफार्मरों की मरम्मत, लाइनों की जांच और फीडरों की क्षमता बढ़ाने के कार्य में जुटा निगम

### आगे और बढ़ेगा संकट

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी, वैसे-वैसे बिजली की खपत भी तेजी से बढ़ेगी। अप्रैल, मई और जून के दौरान हर साल बिजली की मांग अपने चरम पर पहुंच जाती है। ऐसे में बिजली निगम के सामने सबसे बड़ी चुनौती लगातार बढ़ती मांग के बीच निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने की होगी। अगर समय रहते जरूरी तैयारियां पूरी कर ली जाती हैं तो उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में बिजली कटौती की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

## चोरी रोकने के लिए लगेंगे ट्रांसकंट्रोल मीटर

**रोहतक।** जिले में गर्मी की शुरुआत के साथ ही बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। बढ़ते लोड के बीच बिजली निगम अब आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के साथ-साथ बिजली चोरी पर भी सख्ती करने की तैयारी में है। खासकर पुराने शहर के घनी आबादी वाले इलाकों में बिजली चोरी की शिकायतों को देखते हुए निगम ने ट्रांसफार्मरों पर ट्रांसकंट्रोल मीटर लगाने का फैसला लिया है। इसके साथ ही टीमों द्वारा नियमित छापेमारी भी की जाएगी ताकि अवैध कनेक्शन और डायरेक्ट तारों से बिजली लेने वालों पर कार्रवाई की जा सके। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार ट्रांसकंट्रोल मीटर लगने के बाद किसी भी कॉलोनी में बिजली चोरी का पता लगाना काफी आसान हो जाएगा। यह मीटर सीधे ट्रांसफार्मर पर लगाया जाता है और इससे यह जानकारी मिल जाती है कि उस ट्रांसफार्मर से कितनी बिजली सप्लाई हो रही है और उपभोक्ताओं के मीटरों में कितनी बिजली दर्ज हो रही है। यदि दोनों आंकड़ों में अंतर पाया जाता है तो इसका मतलब होता है कि उस क्षेत्र में कहीं न कहीं बिजली चोरी हो रही है।

### इन स्थानों का चुनाव

माता दरवाजा, प्रताप चौक, नेहरू कॉलोनी, इंदिरा कॉलोनी, पाड़ा मोहल्ला और बड़ा बाजार जैसे क्षेत्रों में ट्रांसकंट्रोल मीटर लगाए जाएंगे।

**क्या है ट्रांसकंट्रोल मीटर**

अधिकारियों के अनुसार ट्रांसकंट्रोल मीटर लगाने का मुख्य उद्देश्य किसी भी कॉलोनी के कुल लोड व वास्तविक बिलिंग के बीच अंतर को पकड़ना है। इससे बिजली चोरी करने वालों की पहचान करना आसान हो जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी।

### छापेमारी भी जारी रहेगी

बिजली निगम ने स्पष्ट किया है कि ट्रांसकंट्रोल मीटर लगाने के साथ-साथ छापेमारी अभियान भी जारी रहेगा। निगम की टीमें समय-समय पर संदिग्ध क्षेत्रों में जांच करेंगी। यदि किसी घर या दुकान में डायरेक्ट तार से बिजली लेते हुए पाया गया तो तुरंत कनेक्शन काटने के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### सीमित मोबाइल ट्रांसफार्मर भी चुनौती

गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने के साथ ट्रांसफार्मरों पर लोड भी बढ़ जाता है। कई बार ओवरलोड के कारण ट्रांसफार्मर जल जाते हैं, जिससे इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। ऐसी स्थिति में अस्थायी तौर पर मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाए जाते हैं ताकि उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द बिजली मिल सके।

### उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील



ट्रांसकंट्रोल मीटर लगाने के साथ-साथ छापेमारी अभियान भी जारी रहेगा। वहीं, अगर किसी क्षेत्र में बिजली चोरी की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तुरंत बिजली निगम को दी जानी चाहिए। इससे न केवल चोरी रोकने में मदद मिलेगी बल्कि पूरे इलाके में बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

-बिजेंद्र नरवाल, एसई, रोहतक

## अग्निवीर और पुलिस में भर्ती लिए सरकार युवाओं की मार्गदर्शक बनेगी, खाका तैयार

- रिटौली, कबूलपुर, कारौर, सांघी, खिड़वाली, निंदाना, गद्दी खेड़ी, बोहर, खेड़ी साध और बलियाना गांव योजना के प्रथम चरण में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

बेरोजगारी की मार झेल रहे ग्रामीण युवकों के लिए सरकार अग्निवीर और पुलिस में भर्ती होने के लिए मागदर्शक बनेगी। इसके पूरा खाका जिला प्रशासन द्वारा तैयार कर लिया गया है। गांव स्तर पर समितियों का गठन होगा। उपमंडल स्तर पर एसडीएम व डीएसपी के नेतृत्व में तथा गांव स्तर पर सरपंच, पीटीआई, स्कूल प्राचार्य, सेवानिवृत्त सैनिक और युवा स्वयंसेवकों की भागीदारी से गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस योजना में रिटौली, कबूलपुर, कारौर, सांघी, खिड़वाली, निंदाना, गद्दी खेड़ी, बोहर, खेड़ी साध और बलियाना गांवों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा थाना स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी तथा युवाओं को भर्ती मानकों के बारे में जागरूक करने के लिए बैठकें और मार्गदर्शन सत्र आयोजित होंगे। अग्निवीर भर्ती योजना तथा हरियाणा पुलिस भर्ती के लिए बेहतर तरीके से तैयार करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## स्वच्छता को लेकर जागरूकता के साथ सख्ती भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- गंदगी फैलाने वालों के किए चालान

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम रोहतक एक ओर जहां नागरिकों को लगातार जागरूक कर रहा है, वहीं दूसरी ओर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। नगर निगम की टीमें नियमित रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर रही हैं और स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मौके पर ही चालान किए जा रहे हैं।

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से निगम की टीमें वार्डों, मुख्य बाजारों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था का लगातार निरीक्षण कर रही हैं। निरीक्षण के दौरान जहां कहीं भी लोग कूड़ा इधर-उधर फेंकते हुए, गंदगी फैलाते हुए या स्वच्छता नियमों की अनदेखी करते हुए पाए जाते हैं, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि सोमवार को भी निगम की टीमों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया। इस दौरान कुल पांच चालान किए गए, जिनकी कुल राशि 4500 रुपये है। इनमें से तीन चालान सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के खिलाफ 3500 रुपये के किए गए, जबकि दो चालान गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ 1000 रुपये के किए गए।



**रोहतक।** दुकानदार को चालान देते नगर निगम की टीम।

### कूड़ा इधर-उधर न फेंकें

आयुक्त ने कहा कि केवल कार्रवाई ही नहीं, बल्कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी निगम का मुख्य उद्देश्य है। इसी के तहत निगम की टीमें लोगों से संवाद कर उन्हें गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित कर रही हैं। नगर निगम की टीमें नागरिकों से अपील भी कर रही हैं कि वे अपने घरों, दुकानों, संस्थानों और अन्य स्थानों से निकलने वाले कूड़े को इधर-उधर न फेंकें। कूड़े को नगर निगम की कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को ही दें, ताकि शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर बनी रहे। इसके साथ ही दुकानदारों और संस्थानों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबिन रखने की भी सलाह दी जा रही है, जिससे आसपास गंदगी न फैले।

## शिक्षार्थियों तक ज्ञान पहुंचाने पर जोर दिया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के निदेशक प्रो. राजीव कुमार की अध्यक्षता में केंद्र से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के समन्वयकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन के माध्यम से बड़ी संख्या में शिक्षार्थियों तक उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि अध्ययन सामग्री की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए तथा डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप उच्च स्तरीय सेल्फ-लर्निंग मैटेरियल तैयार किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को समृद्ध और प्रभावी शिक्षण अनुभव प्राप्त हो सके। प्रो. राजीव कुमार ने यह भी कहा कि सभी संकाय सदस्यों और समन्वयकों को मिलकर कार्य करना होगा, ताकि केंद्र के वर्तमान कार्यक्रमों को और सशक्त बनाया जा सके तथा नई संभावनाओं की खोज कर दूर-दराज के उन विद्यार्थियों तक भी शिक्षा पहुंचाई जा सके, जो किसी कारणवश नियमित शिक्षा से नहीं जुड़ पाते।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

## एचबीएसई : 12वीं के 2652 छात्रों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** परीक्षा केंद्र से बाहर आते विद्यार्थी।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सोमवार को 12वीं कक्षा की रसायन विज्ञान, लेखा शास्त्र व लोक प्रशासन विषयों की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता प्रबंधों के बीच शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। जिला में तीनों विषयों के कुल 2699 विद्यार्थियों में से 2652 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 47 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर अच्छा हुआ। उन्होंने बताया कि ऑर्गेनिक केमिस्ट्री के प्रश्न आसान आए हुए थे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षाओं को सुचारू ढंग व नकलरहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत उड़नदस्ते गठित किये गए है तथा डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। जिला में इन बोर्ड परीक्षाओं के 45 परीक्षा केंद्र स्थापित है। रसायन विज्ञान की परीक्षा में 1538 विद्यार्थियों में 1512 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे तथा 26 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। लेखा शास्त्र विषय की परीक्षा में 552 विद्यार्थियों में 548 उपस्थित रहे तथा 4 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। लोक प्रशासन विषय की परीक्षा में 609 विद्यार्थियों में से 592 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा 17 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। इसी तरह आगामी 20 मार्च तक 10वीं कक्षा की परीक्षाएं तथा डीईएलएड की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है।

### छात्र बोले, केमिस्ट्री व फिजिक्स से बेहतर परीक्षा गणित विषय की रही

**रोहतक।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से सोमवार को 12वीं की गणित विषय की परीक्षा हुई। पेपर में पूछे गए लोगरिथम (लघुगणक) के सवालों ने विद्यार्थियों उलझा दिया। प्रायिकता और सांख्यिकी से पूछे गए सवाल आसान रहे। जिले के 24 परीक्षा केंद्रों पर सोमवार को 12वीं कक्षा का गणित विषय का पेपर हुआ। पेपर में करीब 3000 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पेपर देकर लौटे विद्यार्थियों को चेहरे खुश दिखाई दिए। विद्यार्थियों ने कहा कि ठीक आया हुआ था। पेपर ना ज्यादा आसान था ना ज्यादा मुश्किल था। केमिस्ट्री और फिजिक्स विषय से बेहतर परीक्षा गणित विषय की रही। मुख्य रूप से कंसेप्चुअल क्लैरिटी आधारित रहे। हालांकि, समाकलन और अवकलन कैलकुलस को हल करने में काफी दिक्कत हुई।



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति डॉ एचके अग्रवाल का स्वागत करते निदेशक डॉ एसके सिंघल व अन्य डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

### एनेस्थेसियोलॉजिस्ट को संकट प्रबंधन टीम वर्क, संचार के बारे में प्रशिक्षण

**रोहतक।** पीजीआईएमएस के एनेस्थीसिया विभाग ने पहली बार उत्तर भारत में वाइटल एनेस्थीसिया सिम्युलेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम 7 और 8 मार्च को आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ऑपरेशन थिएटर के डॉक्टर्स और सहकर्मियों को संकट प्रबंधन, टीम वर्क, और संचार के बारे में प्रशिक्षण देना था, जिससे वे पेरिऑपरेटिव संकट प्रबंधन कौशल को बढ़ा सकें और सुरक्षित एनेस्थीसिया प्रैक्टिस का पालन कर सके। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ अग्रवाल ने पेरिऑपरेटिव रोगी सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया और इस तरह के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने और एनेस्थीसिया पोस्ट ग्रेजुएट प्रशिक्षुओं के लिए पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ एचके अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम ऑपरेशन थिएटर कर्मियों के लिए बहुत उपयोगी है और इससे उन्हें अपने कौशल को बढ़ाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ एसके सिंघल ने संकट प्रबंधन, इंटर डिपार्टमेंटल टीम वर्क के महत्व पर प्रकाश डाला।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

महिलाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और उन्हें सुरक्षित रखने की आवश्यकता

## महिला सशक्तिकरण सामाजिक विकास के लिए जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कुलपति डॉ.एच.के. अग्रवाल व अन्य डॉक्टर।

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी में सोमवार सुबह डीन छात्र कल्याण विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति डॉ एचके अग्रवाल उपस्थित हुए। मंच का संचालन डॉ. मधू शर्मा ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ.एच.के. अग्रवाल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज के विकास के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि महिलाएं समाज की रीढ़ होती हैं और उनके बिना समाज का विकास संभव नहीं है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए जागरूक होना चाहिए, ताकि वे अपने हकों की रक्षा कर सकें और समाज में अपनी भूमिका निभा सकें। कुलसचिव डॉ. रूपसिंह ने बताया कि शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो सकती हैं और अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकती हैं।

### समाज में अपनी अहम भूमिका निभाएं महिलाएं

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि महिलाओं को समाज में अपनी भूमिका निभानी चाहिए, ताकि वे समाज के विकास में अपना योगदान दे सकें और समाज को आगे बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए समाज को मिलकर काम करना होगा, क्योंकि यह एक सामूहिक प्रयास है और इसमें सभी का योगदान जरूरी है। डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल ने कहा कि वें इस दिवस को संस्थान में मनाने के लिए अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त करती हैं जो हमेशा महिलाओं को पूरा सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सुरक्षा बहुत जरूरी है, ताकि वे अपने घर और समाज में सुरक्षित महसूस कर सकें और अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें। डॉ. सविता सिंघल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार और समाज को मिलकर काम करना होगा, ताकि महिलाएं अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें और समाज में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने बताइए कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉक्टर मनु राठी डॉक्टर मधु और डॉक्टर रितु हुड्डा ने काफी सहयोग दिया। डॉ. मधू ने बताया कि विद्यार्थियों ने नुक्कड नाटक, पोस्टर और रंगोली बनाकर से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया और अधिकारियों ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा दहिया, डॉ. अर्पणा परमार, डॉ. मधू शर्मा, डॉ. मन्नू राठी,डॉ. मनीषा राठी, डॉ. ज्योति कौशल, डॉ. शिखा तिवारी, डॉ. रितू हुड्डा, डॉ निशा मरवाह, डॉ. नित्याशा सहित सैकडों विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।